Seventeenth Loksabha

pan>

Regarding halt of Vande Bharat Express at Rajanandgaon railway station

श्री संतोष पान्डेय (राजनंदगाँव): सभापति महोदय, मुझे कीमती समय देने के लिए मैं आपका आभार व्यक्त करता हूँ। रेल भारत की आर्थिक, सामाजिक प्रगति की राजदूत है। हम विश्व स्तरीय रेल सेवा की ओर बढ़ रहे हैं। भारत में रेल के स्वरूप को बदलने के लिए सम्मानीय प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के द्वारा लगातार रेलवे को सौगात दी जा रही है। इसके लिए भी मैं उनको धन्यवाद और आभार प्रकट करता हूँ। सम्मानीय प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी इस राष्ट्र के नायक हैं इसलिए यह मुमकिन भी है।

महोदय, मेरा संसदीय क्षेत्र राजनंदगांव है, जो कि महाप्रबंधक दक्षिण-पूर्व मध्य रेलवे, बिलासपुर के अधीन आता है। दिनांक 11.12.2022 को बिलासपुर से नागपुर के मध्य वंदे भारत सेमी स्पीड ट्रेन का आरंभ हो रहा है, जिसके लिए मैं सम्मानीय प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी तथा सम्मानीय रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव जी को हृदय से आभार व्यक्त करता हूँ।

महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र के व्यापारी, छात्र-छात्राएं, मरीज तथा नौकरी पेशा लोग पूरी तरह से सेमी मेट्रो शहर नागपुर तथा छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर व उच्च न्यायालय बिलासपुर पर निर्भर हैं, जहां मेरे क्षेत्र से दिनभर में हजारों की संख्या में यात्रियों का आना जाना रहता है, किंतु उक्त ट्रेन का ठहराव राजनंदगांव में नहीं होने से उक्त समूह निराश है। जारी समय सारणी के अनुसार उक्त ट्रेन मेरे संसदीय क्षेत्र के किसी भी स्टेशन पर नहीं रुक रही है। राजनंदगांव में वंदे भारत के स्टॉपेज से नागपुर, रायपुर तथा न्यायधानी बिलासपुर में लोग त्वरित गति से पहुंच सकेंगे, जिससे समय की बचत होगी।

महोदय, मैं आपका ध्यान राजनंदगांव के रियासत के राजा श्री बलराम दास जी की ओर आकृष्ट करना चाहूंगा। उस समय श्री बलराम दास जी व रेलवे के बीच एक समझौता हुआ था कि रेलवे को निशुल्क दी गई भूमि के एवज में राजनंदगांव से गुजरने वाली समस्त यात्री ट्रेनों का ठहराव राजनंदगांव में अनिवार्य रूप से होगा, जिसका पालन अभी तक किया जाता रहा है। ऐसी स्थिति में मेरा आग्रह है कि क्षेत्र की जनता के हित में वंदे भारत ट्रेन का ठहराव राजनंदगांव स्टेशन पर करने की कृपा करें।